हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 14 दिसंबर 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

NABH Certified

एक एहसास अपनेपन का...

# स्पर्श
## मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

SPARSH MULTISPECIALTY HOSPITAL

24x7 EMERGENCY SERVICES

हरिभूमि 24th Year Anniversary



**डॉ. दीपक वर्मा**
डायरेक्टर
आर्थोपेडिक सर्जन

## आयुष्मान भारत योजना
के अंतर्गत अब पुन: इलाज की सुविधा उपलब्ध

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सीजीएचएस (CGHS) दर पर इलाज हेतु मान्यता प्राप्त



**डॉ. संजय गोयल**
डायरेक्टर
एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं इंटेंसिविस्ट

## हमारे प्रमुख कॉरपोरेट सहयोगी जिनके कर्मचारियों एवं आश्रितों के लिए उपलब्ध है कैशलेस उपचार की सुविधा

Indian Railway | Chhattisgarh State Power Companies | State Bank of India | Bank of Baroda | NSPCL | NTPC Ltd. | Coal India Limited

IIT Bhilai | Life Insurance Corporation of India (LIC) | NMDC Ltd | Airport Authority of India | Food Corporation of India | Hindustan Coper Limited (HCL) | Power Gird Corporation of India Ltd. | Reliance Industries | ACC Cement (Adani Group) | Bharat Earth Movers Ltd

कर्मचारी राज्य बीमा निगम Employee's State Insurance Corporation | Bhilai Engineering Corporation Ltd. | Indian Boiler Group | Jaiswal Necco | Engineering Project Ltd. | Vossloh Beekay | Rites Ltd. | Siemens | Vishwa Vishal Engineering | SISCOL

## प्रमुख इंश्योरेंस एवं टीपीए कम्पनीज

MD India | Vidal Health | Medi Assist | Star Health | ICICI Lombard | Health Insurance TPA of India Ltd. | Care Health Insurance | FHPL | HDFC ERGO | Paramount Health

Reliance General Insurance | Aditya Birla Health | SBI General | Ericson | Medvantage | Genins India Insurance TPA Ltd. | Rothshield | MedSave | Volo Insurance | HealthIndia

Reliance Health Insurance | Heritage Health | GHS | Galaxy Health Insurance | Good Health TPA | Focus tpa | Bajaj Allianz | Chola MS | Manipal Cigna | Future Generali

Raksha Health Insurance TPA | IFFCO-TOKIO | Liberty Insurance | Tata AIG Insurance | Universal Sompo General Insurance Co. Ltd. | Navi Health Insurance | Digit Insurance | Vipul MedCorp TPA Pvt Ltd. | Safeway Insurance TPA Pvt. Ltd. | Link-K Insurance TPA Pvt Ltd.

Deepak Advertisers

## स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, राम नगर, सुपेला, भिलाई

www.sparshbhilai.com corporate@sparshbhilai.com 0788 4252222, 72250 59701

CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

SCAN FOR MORE DETAILS

## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता आज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला पॉवरलिफ्टिंग संघ एवं क्रीड़ा भारती द्वारा छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर को बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। इसमें सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

आयोजकों के अनुसार सब-जूनियर और जूनियर बालक वर्ग में 53 से लेकर 120 प्लस किलोग्राम तक, जबकि बालिका वर्ग में 43 से लेकर 84 प्लस किलोग्राम तक की वजन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। सीनियर और मास्टर्स वर्ग के लिए भी अलग-अलग वजन और आयु वर्ग तय किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। वहीं बेस्ट लिफ्टर को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 7 से 12 जनवरी 2026 के बीच हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में हिंदी कार्यशाला आयोजित



**भिलाई।** बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग के सभागार में महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 11 दिसंबर को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी संतोष कुमार ओसवाल, महाप्रबंधक इलियास अहमद, महाप्रबंधक विश्वनाथ मुखर्जी, महाप्रबंधक अजय कुमार, महाप्रबंधक पंकज कुरील, सहायक महाप्रबंधक नामदेव दुफारे तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गुप्ता ने कहा कि यूनिवर्सल रेल मिल में समस्त एसओपी एवं एसएमपी हिंदी में बनाए गए हैं। बैठकों की कार्यवाही तथा समस्त वार्तालाप हिंदी में ही किए जाते हैं, साथ ही नोटशीट भी हिंदी में ही बनाए जा रहे हैं। हिंदी में संपूर्ण कार्यालयीन कार्य करने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि वे कामकाज में राजभाषा का शत-प्रतिशत प्रयोग करें। संतोष कुमार ओसवाल ने विभाग में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये किए जा रहे कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संतोष कुमार ओसवाल, अजय कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीता। पंकज कुरील, इलियास अहमद, ओमप्रकाश पटेल, चार्जमेन ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

## वार्ड 29 में असामाजिक तत्वों का डेरा और कचरा अव्यवस्था से बिगड़े हालात

# वृंदा नगर में जल संकट के हालात, नालियों के अतिक्रमण ने वार्ड में बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड 29 में बुनियादी समस्याएं लगातार गहराती जा रही हैं। सबसे बड़ी परेशानी पानी और असामाजिक तत्वों की है। कई इलाकों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरुरतों के लिए जूझना पड़ रहा है। वहीं असामाजिक तत्वों के कारण लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

वार्ड

वृंदानगर वार्ड की आबादी करीब 11 हजार लोगों की है। इस वार्ड में लोगों के घरों में नल लगे हुए है, लेकिन पानी काफी धीमी गति से आता है। कुछ जगहों पर लोगों ने पाइप लाइन ही काट दी है, जिससे आगे पानी नहीं पहुंच पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ता जा रहा है। शाम होते ही कुछ जगहों पर माहौल असुरक्षित हो जाता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को खास दिक्कत होती है। इसके साथ ही नालियों पर अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन चुका है। कई जगहों पर नालियां ढकी हुई हैं या उन पर कब्जा कर लिया गया है। नतीजा यह है कि सफाई ठीक से नहीं हो पाती और गंदगी जमा रहती है। बरसात के दिनों में जलभराव और बदबू से हालात और खराब हो जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को शिकायत दी, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। लोगों ने असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई, पुलिस पेट्रोलिंग और नालियों से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस वार्ड में चार सार्वनिक शौचालय है। इसकी नियमित सफाई हो हा रही है लेकिन सिर्फ बाहरी। शौचालयों के अंदर काफी गंदगी है। कुछ शौचालय में नल की टोटी नहीं होने के चलते दिन भर

### गंदी जगहों पर सूअरों का डेरा







### स्कूल और दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप, सूअरों का आतंक

वृंदानगर वार्ड में कचरा प्रबंधन की अव्यवस्था भी एक समस्या है। पहले वार्ड में 4 से 5 अलग-अलग स्थानों पर कचरा डंप किया जाता था, लेकिन अब यह सारा कचरा शासकीय माध्यम स्कूल और दशहरा मैदान के ठीक सामने डाला जा रहा है। इस जगह पर दिनभर सूअरों का झूंड जमा रहता है। सूअरों की संख्या इतनी अधिक है कि राहगीरों, स्कूल जाने वाले बच्चे और मैदान में खेलने आने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कई बार सूअर अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में कचरा डंप होने के कारण बदबू फैलती रहती है। गंदगी और दुर्गंध से आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सबसे चिंता की बात यह है कि यह कचरा डंप स्कूल के सामने है, जहां रोज छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। दशहरा मैदान के सामने कचरा डंप होने से इस क्षेत्र की सुंदरता पर भी सीधा असर पड़ा है।

### दशहरा ग्राउंड बना असामाजिक तत्वों का डेरा



वृंदानगर वार्ड स्थित दशहरा मैदान इन दिनों असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। स्थानीय निवासी रोहित राय ने बताया कि मैदान में रौशनी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण शाम ढलते ही यहां शराब और गांजा जैसे नशे का सेवन शुरू हो जाता है। मैदान के चारों ओर शराब की टूटी बोतलें और डिस्पोजल ग्लास बिखरे पड़े रहते हैं। इसके चलते सुबह और दिन के समय मैदान में आने वाले लोग घायल हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मैदान अब सुरक्षित नहीं रह गया है। रोहित राय ने यह भी बताया कि मैदान में लगी ग्रील कई जगहों से टूट चुकी है, जिससे असामाजिक तत्वों को अंदर आने में आसानी हो जाती है। लंबे समय से मैदान की देखरेख नहीं होने के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि मैदान में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की जाए, टूटी ग्रील की मरम्मत हो और नियमित सफाई के साथ पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही मैदान का उचित संधारण किया जाए, ताकि यह फिर से आम लोगों और बच्चों के उपयोग के लिए सुरक्षित बन सके।

### विस्थापित लोगों ने जमीन पर कर लिया पुनः अतिक्रमण



पूर्व पार्षद दिवाकर भारती ने बताया कि घासीदास नगर में बड़ा नाला निर्माण का प्रस्ताव कई बार पारित हुआ था। वहां के अवैध कब्जाधारियों के जमीन को अधिग्रहण करते हुए नगर निगम ने लोगों को वाम्बे आवास में शिफ्ट करवाया था, लेकिन नाला नहीं बनने के चलते वाम्बे आवास के लोग वापस पुरानी जगह आकर बस गए। यहां बड़ा नाला बनना अति आवश्यक है। बरसात के दिनों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाली का पानी घरों में घुस जाता है। यहां अवैध कब्जे के कारण साफ सफाई भी नहीं हो पाती। नगर निगम को इस पर कार्रवाई करते हुए नाला का निर्माण कराना चाहिए।

### अतिक्रमण पर निरीक्षण के बाद होगी कार्रवाई

दशहरा मैदान में रोशनी की कमी है। हाईमास्ट लगाने की आवश्यकता है। जहां तक नालियों पर अवैध कब्जे की बात है तो निरीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी। कुछ जगह पर सड़के जर्जर है और नालियां भी टूटी हुई है। सड़क डमरीकरण व नाली के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है। कचरा डंप करने के स्थान को परिवर्तन किया जाएगा, जिससे लोगों को असुविधा न हो।

संजय सिंह, पार्षद वार्ड 29 वृंदानगर, भिलाई

## पीएम आवास योजना की कमिश्नर ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर निगम कमिश्नर सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रगति का गहन मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए। कमिश्नर ने बीएलसी तथा एएचपी घटक के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसियों को कहा कि इस माह के अंत तक कार्यप्रगति में सुधार लाएँ तथा योजना के अनुरूप कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय पर पूर्ण करें।

- अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

इसके साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों को डेली फॉलो-अप करने के निर्देश दिए, ताकि आवास निर्माण एवं अनुमोदन कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। सरस्वती नगर फ्लैट के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने कहा कि निर्धारित अवधि में हर हाल में सरस्वती नगर साइट का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द फ्लैट में शिफ्ट कराया जा सके। बैठक में नोडल अधिकारी, सब-नोडल राजेश ठाकुर, इंजीनियर हरिशंकर साहू, समस्त सीएलटीसी एक्सपर्ट और एजेंसियों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## संगम मित्रों का में भिलाई-दुर्ग के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**भिलाई।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के प्रांतपाल अमित जायसवाल के नेतृत्व में आगामी 20-21 दिसम्बर को रायपुर में संगम मित्रों का/" रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा (पूर्व प्रांतपाल), भारत के विभिन्न राज्यों के सभी रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण, नए सदस्यों के साथ मप्र,छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के सभी पूर्व प्रांतपाल और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। यह वार्षिक आयोजन रोटरी सदस्यों के आपसी मेलजोल, सामाजिक गतिविधियों को गतिशील बनाने और संस्करधानी के आर्थिक विकास की दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। भिलाई और दुर्ग के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। यह जानकारी नितिन जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसे लेकर बैठकें की जा रही है।

## लोक अदालत में 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण, 57.22 करोड़ का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को आयोजित किया गया।

- सुलह से लंबित प्रकरणों का किया गया प्रकरण

जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, पाटन, धमधा, किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत, राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम से जुड़े प्रकरणों को विचारण के लिए रखा गया, जिसमें सारे प्रकरण आपसी सुलह से निपटाए गए। जानकारी के मुताबिक करीब 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं 57.22 करोड़ रुपए का अवार्ड पारित हुआ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने न्यायिक भ्रात्व की भावना को प्रमुखता देते हुए सजल जैन व्यवहार न्यायाधीश से दीप प्रज्जवल कर लोक अदालत की शुरुआत की गई। लोक अदालत के लिए 32 खण्डपीठ का गठन किया गया था। राजीनामा योग्य दाण्डिक, सिविल, परिवार, मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण रखे गये। उनका निराकरण न्यायालय में सौहार्दपूर्ण तरीके से समझौते के आधार पर किया गया।

इस अवसर पर जिला ब्लड सेंटर, रेडक्रॉस सोसाइटी, जीवनदीप समिति, जिला चिकित्सालय के सहयोग से मोबाइल ब्लड कलेक्शन वेन के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारा शहीद बाबादीप सिंह व गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा के सहयोग से न्यायालय परिसर में निः शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। जेल उत्पाद की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

लोक अदालत में कुल 21610 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 982276 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें कुल समझौता राशि 572225744 रुपए रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 18, विद्युत के कुल 281 एवं दूरभाष के 83 मामले निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 4138480 रही। इसी क्रम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 492 दाण्डिक प्रकरण, क्लेम के 75 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 163 चेक अनादरण के 296 मामले, व्यवहार वाद के 53 मामले, श्रम न्यायालय के कुल 08 मामले तथा स्थायी लोक अदालत के कुल 7789 मामलें निराकृत हुए।

## संगीत महाविद्यालय में पारंपरिक वेशभूषाओं में दी परीक्षा, सुर-ताल ज्ञान को भी जांचा

**दुर्ग।** संगीत महाविद्यालयमें इस सत्र से प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन के अंतर्गत संगीतनृत्य विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया। परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया और अपने विषयों की पारंपरिक पोशाक में उपस्थित होकर परीक्षा दी। लोक संगीत के छात्र छात्राओं ने गायन-वादन- नर्तन के साथ सुआ नृत्य, राउत, नाचा जैसी छत्तीसगढ़ी लोक शैलियों का सुंदर प्रदर्शन किया। उनके इतिहास, वेशभूषा पर प्रश्न पूछे गए। भारतनाट्यम के विद्यार्थियों ने आकर्षक पोशाक, मेकअप तथा आभूषणों के साथ प्रस्तुति दी। कौशल उन्नयन के अंतर्गत इसके आहार्य पर दक्षता परीक्षा ली गई ।



परीक्षा में अड़वु अभ्यास, ताल (आरंभिक ताल ज्ञान) की बेसिक समझ की भी जांच की गई। वहीं हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में छात्र छात्राओं ने स्वर राग और ताल पर अपनी परीक्षा दी । परीक्षा के बाद विषय विशेषज्ञों ने छात्रों को उनके-अपने विषयों पर गहन जानकारी प्रदान की तथा मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। अतिथि प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा,वत्सल तिवारी राजेंद्र कुमार भारती जंघेल, गौरव, धनराज भोयर ने सहयोग किया। विद्यार्थी सुमन, विवेक, वंदना, मंजू, अमन, सुरेश ने सहयोग और संगत प्रदान की। सैद्धांतिक परीक्षा 15 दिसंबर से आयोजित है ।


### आम सूचना

मैं सोनम जसवानी पिता गोपीचंद मूलचंदानी , पति सागर जसवानी घोषणा करती हूँ कि मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम 'काव्या जसवानी' अंकित है, जिसे परिवर्तित करा कर अपने अन्य दस्तावेजो के अनुरूप अपना नाम 'सोनम जसवानी' दर्ज कराने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन करी हूँ। इस बाबत मैंने शासन के राजपत्र में अपने परिवर्तित नाम के प्रकाशन हेतु आवेदन किया है।

अत: मुझे भविष्य में मुझे काव्या जसवानी के स्थान पर मुझे सोनम जसवानी के नाम से जाना पहचाना जाये।

सूचनार्थ

घोषणाकर्ता
सोनम जसवानी


## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्री कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 14 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

12 लोक अदालत में 10.03 लाख प्रकरणों का निराकरण, 57.22 करोड़ का अवार्ड पारित



16 महफ़िले संगीत में सुरों की सदाबहार शाम आज, वरिष्ठ कलाकारों का होगा सम्मान





# ढाई साल पहले श्रमिक की गई थी जान, जीएम, शिफ्ट इंचार्ज और ठेकेदार गिरफ्तार

**भट्ठी पुलिस ने अपराध दर्ज किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ढ़ाई साल पहले बीएसपी में हुए हादसे करे मामले में पुलिस ने दो अफसर और एक ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि एसएमएस 2 के मुख्य महाप्रबंधक, शिफ्ट इंचार्ज यांत्रिकी, मारूति कंस्ट्रक्शन कंपनी का ठेकेदार को पुलिस ने आरोपी बनाया है।

घटना 25 अप्रैल 2023 को बीएसपी के एसएमएस-2 कंटीन्युअस कास्टिंग शॉप के कास्टर नंबर 6 में इक्यूपमेंट कूलिंग पाइप लाइन बदलने का काम चल रहा था। पाइप शिफ्टिंग के दौरान ज्वलनशील पदार्थ में अचानक आग लग गई। हादसे में मौके पर काम कर रहे 4 ठेका श्रमिक राजू तांडी, रमेश मौर्य, अमित सिंह और रंजित सिंह गंभीर रूप से झुलस गए थे। इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रंजित सिंह की मौत हो गई थी।मामले में पहले पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। फिर जांच शुरू की गई थी। तब पता चला था कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण हुई थी। बीएसपी के कारखाना प्रबंधन, ठेका कंपनी ने आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था नहीं किया था। बिना सुरक्षा के यहां काम कराया जा रहा था। जिसके चलते हादसा हुआ था।

- बीएसपी में ढ़ाई साल पहले हुआ था हादसा
- जांच के बाद तीन को पकड़ा, भेजा जेल

पुलिस ने बीएसपी एसएमएस 2 क्वाटर नंबर बीकेडी 21 निवासी मुख्य महाप्रबंधक सुशांता कुमार घोषाल, सेक्टर-9 शिफ्ट इंचार्ज यांत्रिकी धीरेन्द्र कुमार कुशवाहा, सेक्टर 8 मारूति कंस्ट्रक्शन कंपनी ठेकेदार विद्या विहार सुपेला अभय कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# बच्चों के झगड़े में महिला को मौत के घाट उतारा, युवक को 10 साल की कैद

दुर्ग। पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत कुआं चौक वैष्णोमाता मंदिर के पास बच्चों के झगड़े में महिला दुर्गावती कश्यम (53 वर्ष) की मौत के मामले में कोर्ट ने आरोपी देवानंद निषाद को धारा 304 ए में 10 साल कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। मामले में आरोपी पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 1 सितंबर 2023 को दोपहर करीब 3 बजे की है। प्रार्थी पंकज कश्यप ने पुलिस को जानकारी दी कि उसके मनोज का बेटा कान्हा घर के पास खेल रहा था। तभी देवानंद-पलक के मामा का बेटे से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। विवाद गहराने के बाद देवानंद, पलक और इंदू टेम्बुलकर मनोज के घर पहुंच गए। जहां विवाद के बाद देवानंद ने दुर्गावती से मारपीट शुरू कर दी। घाटल दुर्गावती को पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान 5 सितंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में देवानंद, पलक और इंदू को आरोपी बनाकर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां साक्ष्य के अभाव में पलक और इंदू को बरी कर दिया गया। वहीं देवानंद को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई। मामले में शासन के तरफ से पैरवी संजय सिंह ने की।

**न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से आया फैसला**







# धमधा में चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता, पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

धमधा नगर और थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हालिया मामलों में एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी और चोरी की कोशिश ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, यह भी सच है कि कुछ मामलों में धमधा पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। हाल की घटनाओं को देखें तो शिक्षक प्रवीण अग्रवाल के घर बड़ी चोरी, गेट और कमरे का दरवाजा तोड़कर कीमती सामान चोरी,ईश्वर साहू, गायत्री क्लिनिक, बाजार के पास — ताले टूटे, दिलीप गुप्ता, गंडई रोड — चोरी की कोशिश, नुकसान नहीं

## एक ही दिन में तीन वारदात, फिर भी पूर्व में धमधा पुलिस की कार्रवाई बनी मिसाल



### जनता में नाराजगी, लेकिन भरोसा भी

नगरवासियों का कहना है कि कुछ इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग दिखाई नहीं देती, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। वहीं दूसरी ओर लोग यह भी मानते हैं कि जब पुलिस सक्रिय होती है, तब चोरी जैसे मामलों का खुलासा तेजी से होता है, जैसा कि राजपुर गांव की घटना में देखने को मिला। एक तरफ पुलिस की पूर्व की कार्यवाहियां यह दर्शाता है कि पुलिस में क्षमता और अनुभव दोनों हैं, आवश्यकता है तो केवल निरंतर सतर्कता और नियमित पेट्रोलिंग की है। नगरवासियों की मांग है कि—जिन क्षेत्रों में वारदात हुई है वहां रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। हालिया चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाए। बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी व सत्यापन किया जाए। इन दिनों नगर में बाहर राज्यों से या बाहर जिलों से अनजान लोगों का अनजाना बढ़ गया है यह कोई फेरी लगता है तो कोई सब्जी ,खाने पीने का ठेला या अन्य रोजगार करता है जिसकी जानकारी न तो नगर पंचायत के पास होती है न थाने के पास और जानकारी न होने से संदिग्ध चोरों की पहचान नहीं हो पाती।

हुआ। एक ही दिन में तीन जगह वारदात होना इस बात का संकेत है कि कुछ क्षेत्रों में रात्रिकालीन निगरानी कमजोर है।

### चोरी की घटनाओं की लंबी कड़ी -

दो माह पूर्व, धमधा थाना अंतर्गत राजपुर गांव में बिल्डिंग ठेकेदार के 192 लोहे के प्लेट चोरी हुए थे। इस मामले में थाना प्रभारी युवराज साहू सहित धमधा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया था, जिसे क्षेत्र में सराहना मिली। एक दिन पहले, दानीकोकड़ी निवासी हरबंश निर्मलकर के यहां से 50 लोहे के प्लेट चोरी हुए, जिसकी जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### एड्स जागरुकता पर पोस्टर बनाए कॉलेज स्टूडेंट ने



**जामुल।** डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में एचआईवी/ एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत शनिवार को एचआईवी /एड्स जागरूकता विषय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में छात्र-छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति चेतना एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना मुख्य उद्देश्य रहा। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टर में सुरक्षित व्यवहार, भ्रांतियां से दूरी, जागरूकता ही बचाव, पीड़ित व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता जैसे महत्वपूर्ण संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर की अर्चिता सिंह, द्वितीय बीए प्रथम सेमेस्टर की अंशु साहू एवं तृतीय बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र जय चौधरी एवं बीए प्रथम सेमेस्टर की नुमेश्वरी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक सहायक प्राध्यापक बलराज ताम्रकार एवं गजेंद्र कश्यप थे। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप, डॉ. संजय परगनिहा, विनिता परगनिहा एवं समस्त प्राध्यापको का विशेष योगदान रहा। संचालन रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. रमेश मेश्राम ने किया।

### हर्षा को पी एच डी



**सेलूद।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन आई टी) रायपुर के धातुकर्म एवं पदार्थ अभियांत्रिकी विभाग ने शोधार्थी हर्षा वर्मा को "मटीरियल्स डिजाइन एंड असेसमेंट फॉर सोलर थर्मोकेमिकल फ्यूल प्रोडक्शन" विषय पर उत्कृष्ट शोध कार्य पूर्ण करने के उपरांत पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध आधुनिक ऊर्जा संकट एवं स्वच्छ ईंधन उत्पादन के लिए टिकाऊ तकनीकों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। हर्षा वर्मा का यह शोध कार्य विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. मनवेन्द्र त्रिपाठी (एनआईटी रायपुर)और डॉ. मोहन एल. वर्मा (एसएसटीसी भिलाई)के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। शोध का मुख्य उद्देश्य सौर थर्मोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से स्वच्छ ईंधन उत्पादन हेतु उच्च-कार्यक्षमता एवं स्थिरता वाले नए पदार्थों का डिज़ाइन एवं मूल्यांकन था।

### श्वेता को पीएचडी



**अंडा।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्हीं में से दुर्ग की शिक्षिका डॉ. श्वेता दुबे को रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। उनका शोध विषय "एनालिसिस ऑफ सोयल क्वालिटी इन रसमडा इंडस्ट्रीयल एरिया,दुर्ग, छत्तीसगढ़" रहा, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण करने में उनकी गाइड एवं सुपरवाइज़र डॉ. प्रतिभा एस. कुरूप का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। वर्तमान में डॉ. श्वेता दुबे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, पीसेगांव में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

### धमधा में बढ़ी परेशानी, किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल का सरकार पर तीखा हमला

# धान खरीदी अव्यवस्था पर किसानों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा



धान खरीदी व्यवस्था में फैली गंभीर अव्यवस्था को लेकर धमधा क्षेत्र में किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। हीरेतरा, भाटाकोकड़ी, घोटवानी, घोंटा और रौंदा धान खरीदी केंद्रों में धीमी, लापरवाह और अव्यवस्थित खरीदी के खिलाफ आज किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।

किसानों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित दैनिक खरीदी क्षमता के अनुरूप धान का क्रय नहीं किया जा रहा है। कई केंद्रों पर रोज़ाना आधे से भी कम धान की खरीदी हो रही है, जिससे किसान हफ्तों से अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। जनवरी माह की अंतिम तिथि नजदीक आने के बावजूद हजारों किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं, जिससे उनमें भारी चिंता और आक्रोश है।

स्थिति को और गंभीर बनाते हुए किसानों ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। सुबह 8 बजे से किसान मोबाइल हाथ में लेकर टोकन के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी 'लिमिट फुल' दिखाकर किसानों को बाहर कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप, कई किसान लगातार टोकन न मिलने के कारण धान बेचने से वंचित हैं और खुले आसमान के नीचे धान रखने को मजबूर हैं।

इस दौरान किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा—"यह निकम्मी सरकार किसानों को सिर्फ ठगना जानती है। धान खरीदी की अव्यवस्था जानबूझकर पैदा की गई है। किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन टोकन तक नहीं मिलता। अगर यही हाल रहा तो किसान चुप नहीं बैठेंगे, बड़ा आंदोलन किया जाएगा।"

किसानों का कहना है कि एक ओर साय सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, जिसके चलते किसानों के धान का एक एक दाना खरीदने का वादा किया गया था।वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। न टोकन व्यवस्था न पर्याप्त खरीदी हो रही है, न व्यवस्था सुधारी जा रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। मसलन ज्यादातर किसानों का धान नहीं बिक पर रहा है।

किसानों ने मांग की है कि सभी धान खरीदी केंद्रों की दैनिक क्रय सीमा तत्काल बढ़ाई जाए, ऑनलाइन टोकन प्रणाली में तुरंत सुधार किया जाए, किसानों का पूरा धान समय-सीमा के भीतर खरीदा जाए, इसके लिए सख्त प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाएं।

किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि धान खरीदी व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन, चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन जैसे कदम उठाएंगे,और किसानो के बचे धान को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय में ट्रैक्टर सहित लेजाकर खड़ा करेंगे।जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक अध्यक्ष आत्मा राम साहू,पूर्व सरपंच मोती राम वर्मा,राजेंद्र वर्मा,नारद वर्मा,दादू ठाकुर,चंद्रकांत राजपूत,हीरालाल चंदेल इत्यादि किसान उपस्थित थे।

# अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में 292 करोड़ का विकास कार्य हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहिवारा

विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में किए विकास कार्यो का दो साल बेमिसाल विषय पर टाउनशिप अहिवारा में पत्रकारवार्ता लिया। इस दौरान विधायक कोर्सेवाडा ने कहा कि

■ विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने दिया दो साल का रिपोर्ट कार्ड

जनविश्वास से जनकल्याण की ओर तेजी से हम आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की आम जनता तक विकास पहुंच रही है। सरकार के विकास कार्यो से जनता को पूरी तरह से लाभ हो रहा है। तीन निकाय भिलाई-चरोदा 181 कार्य के लिए 52.66 करोड़ 41 हजार, जामुल 69 कार्यो के लिए 8.45 करोड़ 67 हजार और अहिवारा 69 कार्यो 21.68 करोड़ 20 हजार रुपए की लागत से विकास कार्य होना है। दो साल में विधानसभा क्षेत्र में 292 करोड़ 58 लाख 52 हजार रुपए का विकास कार्य स्वीकृति हुए है। इसमें वर्ष 2024 में जहां 123 करोड़ 78 लाख रुपए के विकास कार्य हुए तो वहीं 2025 में 168 करोड़ 80 लाख रुपए के विकास कार्य हुए हैं। यह विकास कार्य जारी रहेगा। अहिवारा में जो बड़े कार्य हो रहे हैं उनमें विधायक कोर्सेवाड़ा ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल मुरमुंदा में हायर सेंकड्री स्कूल की शुरुआत की जाएगी। अछोटी डाईट में शासकीय बीएड कॉलेज खुलेगा और अहिवारा के नागरिक कल्याण कॉलेज में पीजी की कक्षाएं शुरू की जाएगी। इसके अलावा बानबरद में हाई स्कूल, जलाशयों का जीणोधर, उप पंजीयक कार्यालय समेत अन्य कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भाजपा नेता रविशंकर सिंह, नटवर ताम्रकर, हेमंत देवांगन, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, फिरोज फारुखी, राम खिलावन वर्मा, मुकेश अग्रवाल, रेखराम बंछोर समेत मौजूद थे।

### अछोटी में सरकारी बीएड कॉलेज भी

विधायक कोर्सेवाडा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। ग्राम अछोटी में शासकीय बीएड महाविद्यालय शुरु किया जाएगा। मलपुरीकला में सासकीय हाई स्कूल में नवीन भवन निर्माण, गिरहोला में ऑडिटोरियम सर्वसुविधायुक्त होगा। सहगांव सिंचाई योजना, कपसदा जलाशय, नारधा जलाश, मोहंदी जलाशय जीणोधर और बानबरद में शसकीय हाई स्कूल शुरु होगा।

# एंसिलरी उद्योगों के लिए स्टील सेक्टर में अपार संभावनाएं - चितरंजन महापात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा शनिवार को एमपी हॉल, भिलाई निवास सिविक सेंटर में बीएसपी एंसिलरी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चितरंजन महापात्रा डायरेक्टर इंचार्ज बीएसपी और

■ बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई एंसिलरी मीट

विशिष्ट अतिथि लोकेश परगनिहा जॉइंट डायरेक्टर, एमएसएमई डीएफओ रायपुर थे।

एंसिलरी अध्यक्ष रतन दासगुप्ता ने मुख्य अतिथि महापात्रा और विशिष्ट अतिथि परगनिहा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और बीएसपी के मटेरियल मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ने अपना प्रजेंटेशन दिया। वहीं एंसिलरी एसोसिएशन द्वारा एमएसएमई क्लस्टर स्कीम, रिवर्स इंजीनियरिंग स्कीम एवं लीन मैन्युफैक्चरिंग के बारे में प्रेजेंटेशन दिया गया। स्वागत भाषण एंसिलरी एसोसिएशन के महासचिव श्याम अग्रवाल ने दिया। वरिष्ठ उद्योगपति यू एस गुप्ता, उमेश चितलांगिया, नरसिंह कुकरेजा एवं नरेंद्र जैन ने अपनी बातें रखी। उद्योगपति संजय मेहरा ने पेंट टेक्नोलॉजी पर अपना प्रजेंटेशन दिया।

एंसिलरी अध्यक्ष दासगुप्ता ने एंसिलरी की टेंडर वैल्यू की सीमा दोगुना किए जाने एवं एंसिलरी के लिए आरक्षित 230 आइटमों की संख्या को बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एंसिलरी एवं बीएसपी मैनेजमेंट का पिछले 46 वर्षों का संबंध है। हम बीएसपी को मदर प्लांट के रूप में देखते हैं। आज एंसिलरी उद्योग बीएसपी प्रबंधन की मदद से रशियन स्पेयर्स पाट्र्स को डेवलप कर विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर रहे हैं। सेल कॉर्पोरेट एवं प्राइवेट सेक्टर के स्टील प्लांट को हम कल पुर्जे दे रहे हैं। डिफेंस, इसरो, रेलवे का प्रोडक्ट हम बना रहे हैं। आने वाले समय में हम बीएसपी के जर्मन टेक्नोलॉजी के लिए भी रिवर्स इंजीनियरिंग कर बीएसपी को सहयोग करेंगे। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज महापात्रा ने वरिष्ठ उद्योगपति यू एस गुप्ता, उमेश चितलांगिया, हरीश सहगल एवं नरसिंह कुकरेजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीएसपी प्रबंधन की ओर से एकके चक्रवर्ती ईडी एमएम, पवन कुमार ईडी एचआर, कमल भास्कर ईडी माइंस रावघाट, अरुण कुमार ईडी माइंस, सीजीएम ए के मिश्रा एवं सुब्बाराव सहित तमाम अधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन



# किसानों को बताए खेती की गुणवत्ता सुधारने के उपाय

**अंडा।** ग्राम पंचायत तिरगा में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग दुर्ग द्वारा दो दिवसीय कृषक जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र विभागीय प्रशिक्षक उमेश पटेल ने ग्राम के किसानों को कृषि की गुणवत्ता में सुधार के लिए मिट्टी का नमूना लेने की विधि, मृदा कार्ड के लाभ, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, तथा फसल की उत्पादकता बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों पर प्रशिक्षण दिया। इसमें मृदा परीक्षण का महत्व, जैविक खाद के लाभों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने जैविक कृषि, वर्मी कम्पोस्ट एवं मृदा जीवांश बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिरगा के सरपंच घसिया राम देशमुख, उपसरपंच सुखित राम , कृषि विभाग बेहरा जी, राठौर जी, पं. सचिव सूर्यकांत, पूर्व जनपद सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन, पंच टिकेश्वर दिल्लीवार, कुलेश्वरी देशमुख, किसान मित्र ओमकार बघेल तथा किसान संतराम, नरसिंह, बिसौहा राम, गैंदलाल देशमुख, लक्ष्मण ठाकुर, उमेंद सिंह, द्वारिका प्रसाद, महेंद्र निषाद, समय लाल, खुमान सिंह सहित कई किसान उपस्थित थे। राज्य आजीविका मिशन से ऊर्मिला, ललिता देशमुख और जागृति यादव उपस्थित थे। सरपंच घसिया राम देशमुख ने कहा कि शासन के इस प्रशिक्षण से किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी मिलती है।

### विधिक साक्षरता छात्र निकले शैक्षणिक भ्रमण पर



**अहिवारा।** विधि (लॉ) की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को क्लासरूम की चार दीवारी से बाहर निकाल कर व्यावहारिक दुनिया से रूबरू कराने के लिए सौ कुसुम ताई दाबके लॉ कॉलेज, रायपुर ने एक सराहनीय पहल की। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ. सैयद जाकिर अली और प्रोफेसर डॉ. प्रीति सतपथी के विशेष मार्गदर्शन में लॉ के विद्यार्थियों ने अहिवारा के औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व स्वयं प्रो. डॉ. प्रीति सतपथी ने किया। उन्होंने बताया कि छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जमीनी हकीकत से जोड़ना है।आयोजन का स्थानीय स्तर पर सफल संयोजन युवा अधिवक्ता दाऊ आनंद ताम्रकार द्वारा किया गया।

### ट्रैफिक डीएसपी के खिलाफ भाजयुमो महामंत्री ने की शिकायत

**भिलाई।** शराब का सेवन कर भाजपा के कार्यकर्ताओं से दुर्व्यवहार करने वाले शहर के ट्रैफिक डीएसपी के खिलाफ गृह मंत्री विजय शर्मा से लिखित में शिकायत की गई है। भाजयुमो जिला महामंत्री रितेश सिंह ठाकुर ने शिकायत किया है कि ट्रैफिक डीएसपी सदानंद विंध्यराज नशे में ड्यूटी करते हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ गाली-गलौज करते हैं। श्री सदानंद कांग्रेसी मानसिकता का विचार रखते हैं। आरोप है कि कांग्रेस के नेताओं के इशारे पर काम करते हैं। ये कांग्रेस के लोगों को ही महत्व देते हैं। विगत कुछ दिन पहले भाजपा युवा मोर्चा के एक साथी को वाहन पकड़ने को लेकर डीएसपी से मुलाकात किया। अपना परिचय दिया इस पर डीएसपी ट्रैफिक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा की क्या औकात है, मेरा कोई कुछ नही कर सकता। श्री सदानंद शराब के नशे में थे। ये हमेशा पूर्व में भी कार्यकर्ताओं के साथ बदतमीजी कर चुके हैं। परेशान होकर गृह मंत्री से आपसे आग्रह है कि इस तरह के अधिकारियों पर कार्रवाई करे।

बिजनेस साइट

### श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर 15 और 16 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न प्रकार के चार्ट एवं मॉडलों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि आईआईटी के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश होंगे उक्त प्रदर्शनी सभी विद्यार्थियों व नागरिकों के अवलोकनार्थ 15 और 16 दिसंबर को खुली रहेगी।




### हाईटेक हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत की सुविधा फिर शुरू




**भिलाई।** हाईटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज की सुविधा पुनः प्रारंभ हो गई है। हितग्राही अपनी पात्रता के अनुसार इलाज की सुविधा ले सकते हैं. पहले से जारी सभी योजनाओं, अनुबंधों एवं स्वास्थ्य बीमा धारकों का लाभ यथावत मिलता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि हाईटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में सभी विशेषज्ञताएं - मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गायनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी, डर्मेटोलॉजी/ कॉस्मेटोलॉजी, ऑप्थैल्मोलॉजी, डेन्टल/ मैक्सिलोफेशियल, फिजियोथेरेपी एक ही छत के नीचे उपलब्ध है।

अस्पताल राज्य शासन से अनुबंधित है. साथ ही ईएसआईसी, हिन्दुस्तान कॉपर, एयरपोर्ट अथॉरिटी, रेलवे, कोल इंडिया, एनएमडीसी, सीएसईबी, आईआईटी भिलाई, एनएसपीसीएल, एनटीपीसी, पावर ग्रिड कारपोरेशन, राइट्स, बीएसएफ, सीआईएसएफ के जवानों एवं कर्मचारियों के इलाज के लिए भी अनुबंधित है। अस्पताल सभी स्वास्थ्य बीमा प्रदाताओं एवं थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) के साथ भी कैशलेस ट्रीटमेंट के लिए अनुबंधित है।

### विजन 360° लीडरशिप लेक्चर सीरीज़ के अंतर्गत व्याख्यान

# बिना नागरिक बोध के भारत 2047 में विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता- जस्टिस चौरडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी



विचक्षण जैन विद्यापीठ में विजन 360 लीडरशिप लेक्चर सीरीज़ के अंतर्गत दूसरा व्याख्यान प्रज्ञायतन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस, जस्टिस गौतम चंद चौरडिया उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में उन्होंने "नागरिक बोध और कानून: ज़िम्मेदार नागरिकता की नींव" विषय पर बोलते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने और वर्ष 2047 तक विश्व का नेतृत्व करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए सबसे पहले नागरिकों को अपने व्यवहार में नागरिक बोध विकसित करना होगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा, "बिना सिविक सेंस के चाहे हम कितनी भी आर्थिक उन्नति कर लें, दुनिया हमें पिछड़े देश के रूप में ही देखेगी। विकास का असली आधार नागरिकों का जिम्मेदार आचरण है।"

जस्टिस चौरडिया ने भारतीय समाज में व्याप्त अनेक व्यवहारगत कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर थूकना, कचरा फैलाना, कतारों का पालन न करना, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुँचाना और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियाँ देश की प्रगति को धीमा करती हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हमें कानून का सुदृढ़ ढाँचा दिया है, लेकिन जब तक नागरिक स्वयं अनुशासन और जिम्मेदारी अपनाकर बदलाव नहीं लाएंगे, तब तक वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है।

**विद्यार्थियों ने पूछे महत्वपूर्ण प्रश्न:** व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर विषय पर गहरी समझ विकसित की। जस्टिस चौरडिया के उत्तरों ने छात्रों को यह महसूस कराया कि सिविक सेंस केवल कानून का पालन भर नहीं है, बल्कि यह एक जीवन शैली है जो समाज को बेहतर बनाती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यापीठ के अध्यक्ष राजेश सावनसूखा, प्रिंसिपल ए. पी. सिंह, ट्रस्टीगण विजय मालू, सुनील गोलछा, अनिल लोढ़ा, ऋषभ कोटडिया, गौरव गोलछा, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का गरिमामय स्वागत किया। विजन 360 के अंतर्गत आयोजित यह व्याख्यान न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ।

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 14 दिसंबर 2025
[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

# किसान अब तुंहर टोकन ऐप से 24 घंटे ले सकते हैं टोकन

## 13 जनवरी से अगले 20 दिनों तक के लिए खुला टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टोकन के लिए जूझ रहे किसानों के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश सरकार ने अब तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन लेने के लिए किसान किसी समय बुक करवा सकते हैं। निर्धारित समय की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं।इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी।



### दो एकड़ रकबा वालों को 31 जनवरी तक टोकन

राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ या 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसानों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। इसके पहले किसानों को ऑनलाइन सिस्टम से ऐप के जरिए 70 प्रतिशत और मैनुअली समितियों के माध्यम से 30 प्रतिशत टोकन ही दिए जा रहे थे। जिसकी वजह से किसानों को पर्याप्त टोकन धान बेचने के लिए नहीं मिल पा रहा था।

**10 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव भी:** जिले के समितियों में खरीदे गये धान का उठाव भी शुरू हो गया है। इस हेतु 21,433.60 मे. टन का डीओ/टीओ जारी हो चुका है। जिसमें से 10 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। 80 राईस मिलरों से अनुबंध विपणन संघ ने धान उठाव के लिए किया है। जैसे जैसे राईस मिलर मीलिंग का चावल जमा कर रहे हैं वैसे-वैसे अनुबंध के लिए पात्र भी होते जा रहे हैं।

### 30071 किसानों से 1,57,155 मीट्रिक टन धान की खरीदी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 30071 किसानों से 1,57,155.72 मीट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। जिसकी लागत राशि 37,266.41 लाख है।

### किसानों को 31831 लाख रुपए भी मिले

किसानों को धान बिक्री पश्चात 31,831.66 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान हो चुका है। उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समुचित प्रबंध की गई है। धान खरीदी हेतु केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था है। अब तक 10300 किसानों ने 178.93 हेक्टेयर रकबा समर्पित किया है। खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 6,16,435 मे. टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित है।

# राजीव नगर में शरारती तत्वों ने जलाई मोपेड

**भिलाई।** कोतवाली थाना दुर्ग अंतर्गत राजीव नगर में अज्ञात शरारती तत्वों ने मोपेड जला दी। जानकारी के बाद हर्ष सोनी (21 वर्ष) ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की। उसने बताया कि उसने सीजी 07 एएक्स 6628 एक्टिवा खरीदी थी। 11 दिसंबर की रात घर के सामने खड़े कर सो गया था। रात करीब 3 बजे पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने मोबाइल पर खबर दी कि किसी ने एक्टिवा को आग लगा दी है। इसके बाद वह घर से बाहर निकला तो देखा कि एक्टिवा के टायर पूरी तरह से जल चुके थे। बहरहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में जांच शुरू कर दी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

**अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार :** भिलाई। शराब का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम लितमरा कुम्हारी के पास बाइक सीजी सीजी 07 बीई 1264 में शराब तस्करी दो युवक कर रहे थे। बाइक रोक कर पूछताछ करने पर अपना नाम चरोदा बस्ती निवासी सुनील कुमार महतो, हाउसिंग बोर्ड चरोदा सोनू देवांगन बताया है। 50 पौवा शराब जब्त किया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
● सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
● मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY
हरिभूमि भिलाई संस्करण
की 24वीं स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति मर्यादित, सेक्टर-1
भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)
पंजीयन क्रमांकः स.पं. उ.पं.दु./2149, दुर्ग, दिनांक 06/12/1976
सियाराम अध्यक्ष
श्रीमती वीणा देवांगन उपाध्यक्ष
भूपेन्द्र कुमार वर्मा संचालक मंडल सदस्य
श्रीमती शैला श्रीवास्तव
वेदनलाल
हेमचंद टिकरिहा
लक्ष्मीनारायण देवांगन
शैलेन्द्र कुमार
मनोज कुमार साहू
एस. आर. कोसले प्रतिनिधि मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना, बालोद
प्रगति-पत्रक 2024-25
कार्यशील पूंजी : एक अरब, दस करोड़, सैतीस लाख रुपये मात्र।
बीमा : दुर्घटनावश अनफिट पर 5000/- रुपये प्रति सप्ताह एवं दुर्घटनावश मृत्यु प्रकरण पर 10,00,000/-रुपये संस्था से प्रदान किया जाता है।
लाभांश : संस्था द्वारा वर्ष 2024-25 से सदस्यों को 11 %लाभांश प्रदान की जा रही है।
शाखाएं : दल्ली राजहरा, नंदनी नगर, रिसाली सेक्टर एवं सुपेला रामनगर।
अधिकतम ऋण : 15,00,000/- (पंद्रह लाख रुपये)।
संचालकगण : श्री भूपेन्द्र कुमार (नंदिनी), श्रीमती शेला श्रीवास्तव, श्री बेदनलाल, श्री हेमचंद टिकरिहा (सुपेला), श्री लक्ष्मीनारायण देवांगन (राजहरा), श्री शैलेन्द्र कुमार (रिसाली), श्री मनोज कुमार साहू।
प्रतिनिधिगण : श्री एस. आर. कोसले, मां दंतेश्वरी सह. शक्कर कारखाना, बालोद, दुर्ग।
प्रबंधक वर्ग : जगनीक यादव, विरेन्द्र कुर्रे, डी. आर. नेताम डी. एन. देवांगन, राजेश सिन्हा, भागवत पटेल
जगनीक यादव
प्रबंधक छत्तीसगढ़ सहकारी साख समिति, सेक्टर-1, भिलाई

COLORS
COLORS CHILDREN HOSPITAL
ENTRY LEVEL NABH CERTIFIED
NABH CERTIFIED HOSPITAL
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध।
दुर्ग शहर का सबसे विश्वस्नीय सर्व सुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
अतिशीघ्र बच्चों का ECHO कार्डियोग्राफी एवं सभी प्रकार की
सोनोग्राफी की सुविधा आरंभ
बच्चों के सभी प्रकार की सर्जरी बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन द्वारा किये जाते हैं
शिशुरोग विशेषज्ञ
DR. RUPESH AGRAWAL
DR. ANKUR PARGANIHA
DR. ANKUR TIWARI
DR. AKANSHA PARGANIHA
DR. SAMIT PRASAD
आधुनिक मशीनों की सुविधा
बच्चों के हड्डी रोग विषेशज्ञ
हृदय रोग विशेषज्ञ
नेत्र रोग विशेषज्ञ
मनोरोग विशेषज्ञ
नाक-कान-गला रोग
विशेषज्ञ उपलब्ध।
उपलब्ध सुविधा
● 24 घंटे शिशु रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता.
● प्रतिदिन सभी टीकाकरण की सुविधा.
● 24 घंटे आपातकालीन सुविधा.
● सर्व सुविधायुक्त नवजात शिशु (NICU) एवं शिशु (PICU) गहन चिकित्सा इकाई
● फोटोथेरेपी (नवजात शिशु में होने वाले पीलिया के इलाज) की सुविधा.
● वातानुकूलित पीडियाट्रिक वार्ड (सेन्ट्रलाइज्ड ऑक्सीजन युक्त)
● एयरकूल्ड एवं ए.सी. प्राइवेट रुम की सुविधा.
● स्पाइरोमैट्री (अस्थमा के मरीजों की श्वास जाँच) की सुविधा.
● HHFNC, HFO, CPAP जैसी आधुनिक मशीन की सुविधा.
● E.E.G. की सुविधा उपलब्ध.
● हियरिंग टेस्ट की सुविधा O.A.E. मशीन से उपलब्ध.
● Pediatric Physiotherapy.
● Occupational Therapy.
● Speech Therapy.
● Behavioral Therapy.
● 24 घंटे Pathology, X-Ray, Pharmacy की सुविधा उपलब्ध।
24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा।
24/7 SERVICE EVERYDAY
TPA TIE UP SBIGeneral INSURANCE CSPDCL
0788 422 6328 80853 59609
www.colorschildernhospital.com hospitalcolors56@gmail.com colorshospital@56
चोपड़ा पैलेस के बगल में, महाराजा चौक के पास, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

## नई-नई प्रस्तुतियों से मिलता है नया नजरिया



समापन समारोह में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। झारखंड के शिक्षक अशोक कुमार ने कहा कि नई-नई प्रस्तुतियों को देखकर हर बार सोचने का नया नजरिया मिलता है। बिलासपुर की शिक्षिका नीलम ने विचार साझा करते हुए बताया कि यदि दो लोगों के पास एक-एक एप्पल हो और वे उन्हें अलग-अलग रखें तो दोनों के पास केवल एक-एक एप्पल ही रहता है। लेकिन विचारों की दुनिया अलग है जब आप अपना आइडिया किसी अन्य व्यक्ति से साझा करते हैं और वह भी अपना विचार आपके साथ साझा करता है, तो दोनों के पास दो नए विचार हो जाते हैं। यही वैज्ञानिक प्रदर्शनी की

### लाइव इवेंट

## दीक्षांत समारोह में 635 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री, शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गय। कार्यक्रम में कुल 635 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा थे। मुख्य अतिथि द्वारा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका, लोगों, विश्वविद्यालय ध्वज एवं कुलगीत का विधिवत अनावरण किया गया, जो विश्वविद्यालय की पहचान, मूल्यों एवं भावी दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है।

समारोह का आरंभ राष्ट्र गान, राज्य गीत और विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन सहित मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. व्हीके गोयल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग थे। वहीं रजनी बघेल, सुरेंद्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, होलिस्टीक फाउन्डेशन की चेयर परसन दिशा चंद्राकर सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से अध्ययन पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से उपाधियां प्रदान की गईं। 85 शोधार्थियों को पीएच.डी., 215 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 335 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधियां प्रदान करते कुलपति डॉ. प्रोफेसर बी एन तिवारी द्वारा उन्हें राष्ट्र एवं समाज की सेवा के लिए अग्रसित होने प्रेरित की गई। समारोह के दौरान शिक्षा विशेषकर शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। भारती विश्वविद्यालय ने अल्प समय में जिस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में प्रगति की है, वह प्रशंसनीय है। यह विश्वविद्यालय भविष्य में छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा आर्टिफिशल इन्टेलिजेन्स को अपनाने और उसके स्वान्गिकरण पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्रार डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, संयुक्त प्रबंध संचालक द्वय शालिनी चंद्राकर, जय चंद्राकर, सीईओ प्रभजोत भुई, डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू, डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक भट्ट, डॉ. अनिल दुबे , डॉ. मानस रंजन होता तथा विश्वविद्यालय निर्देशक रजनीश चंद्राकर, संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### सिटी इवेंट

## दुर्ग सेक्टर बास्केटबॉल में गर्ल्स कॉलेज विजेता, मिला सम्मान



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छग शासन और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी भिलाई द्वारा दुर्ग सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी भिलाई के चांसलर संतोष रूंगटा, एग्जेक्युटिव डायरेक्टर महेंद्र श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एन्ड कॉमर्स डायरेक्टर डॉ मनोज वर्गीस, स्कूल ऑफ बेसिक एन्ड एप्लाइड साइंस डॉ नीमा बालन, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रकाश वाहने, डीन ईसीएस डॉ सत्यधर्म भारती, पर्यवेक्षक अर्चना षड़ंगी, क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, यशवंत देशमुख, ऋतु दुबे, भुनेश्वर साहू, लाडली खिलाड़ी, टीम मैनेजर खुशबू साहू, मीता देवांगन, रोहित सहित प्रतिभागी व आयोजक महाविद्यालय के स्टॉफ मौजूद रहे।

आयोजन सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि सेक्टर स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता रूंगटा यूनिवर्सिटी भिलाई कैम्पस में आजोजित की गई थी जिसमें 7 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच शासकीय गर्ल्स कॉलेज दुर्ग बनाम साइंस कॉलेज दुर्ग के मध्य खेला गया। गर्ल्स कॉलेज ने साइंस कॉलेज को करारी मात देकर विजेता घोषित हुईं। इस दौरान संतोष रूंगटा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी सुदृढ़ करता है। महिला खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करती हैं। प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात ट्रायल्स लेकर राज्य स्तरीय के लिए दुर्ग सेक्टर की टीम बनाई गई। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में विशम्भर पांडेय, अब्बास आलम, डी तेजस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही सफल आयोजन के लिए सहायक प्राध्यापक आदित्य कुमार, प्रवीण मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी गजेंद्र साहू सहित गर्ल्स कॉलेज दुर्ग, साइंस कॉलेज दुर्ग, इंदिरा गांधी कॉलेज वैशालीनगर, कल्याण कॉलेज भिलाई, महिला कॉलेज सेक्टर 9, रूंगटा आर2 कॉलेज एवं जीडी रूंगटा कॉलेज साइंस एंड टेक्नोलॉजी भिलाई के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा।

### 33 बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध आधारित प्रेजेंटेशन किये प्रस्तुत

# पॉलिथीन मुक्त भारत की ओर थीम पर 33 बाल वैज्ञानिकों ने प्रेजेंटेशन में बताएं नवाचारी समाधान, साझा किये अनुभव

**भिलाई। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बाल वैज्ञानिकों की संवेदनशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पॉलिथीन के उपयोग में कमी और उसके वैज्ञानिक विकल्प विषय पर केंद्रित सेमिनार में विद्यार्थियों ने कई उदाहरणों को दर्शाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वैश्विक शोध, भारतीय उदाहरण और स्थानीय प्रयोगों के माध्यम से पॉलिथीन समस्या और उसके विकल्पों पर व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में 53वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी और सेमिनार में दुर्ग, रायपुर, डोंगरगढ़, जगदलपुर, जयपुर, झारखंड, किरंदुल, बिलासपुर, रायगढ़ सहित 33 केंद्रीय विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध आधारित प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में 179 विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के 39 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में कुल 21 निर्णायक विभिन्न 7 थीम पर मूल्यांकन के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, डॉ. अजय आर्य सहित निर्णायक मंडल में गुरमीत सिंह, अंकित साहू, डॉ. अनिल कुमार और विवेक अग्रवाल शामिल रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए गुरमीत सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा वही है जो व्यक्ति को नए ढंग से सोचना, सीखना और समस्याओं का समाधान करना सिखाए।**



### 7 थीम पर 21 निर्णायक ने दिया रिजल्ट

दो दिवसीय इस वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कुल 21 निर्णायक विभिन्न 7 थीम पर मूल्यांकन के लिए उपस्थित रहे। निर्णायकों में डॉ. मोनिका श्रीवास्तव, गुरमीत सिंह अहीर, राजेश्वर कुमार देवांगन, डॉ. अजय कुमार वर्मा, विक्की कुमार, विवेक अग्रवाल, डॉ. ज्योति बक्शी, डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज, मृणालिनी सोनी, डॉ. सिंफी रल्हन, डॉ. दिल्लीर कुमार, रक्षा रानी अग्रवाल, मुकेश वासनिक, भानुप्रिया, सुरभि श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सुमन, डॉ. रेशमा लोकेश, डॉ. यासमीन फातिमा परवेज, डॉ. संजू सिंह, डॉ. श्रीराम कुंजन और अंकित साहू प्रमुख रहे।



### विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

डोंगरगढ़ की छात्रा सुजल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि दुर्ग विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य द्वारा मिला सहयोग अविस्मरणीय रहा। जयपुर की वैष्णवी ने कहा नजरिया बदलने से दुनिया बदल जाती है, इसलिए हमें हमेशा नए ढंग से सोचने की आदत विकसित करनी चाहिए। अंत में प्राचार्य ने सभी निर्णायकों, शिक्षकों और छात्रों सहित सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय रायपुर संभाग की सर्वोच्च अधिकारी पी बीएस उषा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक और प्रभारी एसके राय थे। विद्यालय का विज्ञान विभाग एसके चतुर्वेदी, शीला चाको, गीता माली राजेश कुमार के साथ मुख्य भूमिका में रहा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि हालात कैसे भी हों बहादुरों को रोना नही चाहिए बल्कि जुनून रखकर हिम्मत से आगे बढ़ना चाहिए। यह वैज्ञानिक प्रदर्शनी न केवल पॉलिथीन मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करती है, बल्कि आने वाले कल के वैज्ञानिकों की नई सोच को भी दिशा देती है।

### बाजार जाते समय अपने पास रखे कैरीबैग

प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि वैज्ञानिक समस्याएं समाधान प्रबंधन सबका अपना महत्व है लेकिन हम अपने निजी जीवन में पॉलिथीन के उपयोग को खत्म करने या काम करने की दिशा में तत्काल प्रयत्न कर सकते हैं। इसके लिए बाजार जाते या सब्जी खरीदते समय थैला लेकर जाने की आदत डालनी चाहिए। पॉलिथीन के थैलों का स्वयं बार-बार उपयोग करना भी इस दिशा में प्रभावी सिद्ध हो सकता है।



# महफ़िले संगीत में सुरों की सदाबहार शाम आज, वरिष्ठ कलाकारों का होगा सम्मान

**भिलाई।** संगीत, सम्मान और संवेदनाओं से सजी सांस्कृतिक संध्या महफ़िले संगीत का आयोजन रविवार को मैत्री गार्डन भिलाई में 3 बजे से किया जायेगा। कोशिश स्टार म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सदाबहार गीतों के माध्यम से संगीत प्रेमियों को सम्मानित

- सदाबहार गीतों के माध्यम से संगीत प्रेमियों को किया सम्मानित
- वरिष्ठ व्यक्तियों का मंच पर किया विशेष सम्मान



किया जायेगा।

इस अवसर पर मैत्री गार्डन के प्रबंधक डॉ. नवीन जैन और ललित यादव के साथ-साथ गीत-संगीत के क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ व्यक्तित्वों का मंच पर विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, बी.डी.निज़ामी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम का कुशल एवं सधे हुए शब्दों में संचालन राजेश जैन द्वारा किया जाएगा। इस संगीत संध्या में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के उभरते और नामचीन गायक-गायिकाओं द्वारा सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें प्रमुख रूप से मोहम्मद खान रिज़वी, राजेश जैन, एंथोनी फ्रांसिस, अनिल शुक्ला, उमेश विश्वकर्मा, जीवन वर्मा, मोहम्मद अली, संजय दुबे, मोहम्मद शाहिद, अविनाश तिवारी, कमाल अख्तर, सूर्यकला, पीयूषा मन्हारे, उमेश वानखेड़े, गीता सिंह, नीतू गोस्वामी, भारती जैन सहित अन्य कलाकार शामिल होंगे।

# 9 विस में एक साथ हुई सांसद खेल महोत्सव के तृतीय चरण की शुरुआत



**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की शुरुआत शनिवार को हुई। 13 और 14 दिसंबर को आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत क्षेत्र के 9 विधानसभाओं में एक साथ उत्साह पूर्वक की गई। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह अपने चरम पर रहा। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विधायकों, जिला अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी खिलाड़ियों को हिस्सा लेने प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने व्यक्तिगत रूप से विभिन्न खेल स्थलों पर पहुंचकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से भेंट की और उनका उत्साहवर्धन किया। सांसद ने युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करते हुए जोश के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़ने की बातें कही। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने आयोजन में जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, सभी के समर्पित प्रयासों से यह महोत्सव सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की भावना को प्रोत्साहित करना है।

### दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव में दिखी बच्चों की प्रतिभाएं

# ड्रिल, रिले, रिंग जंप और रास्साकसी में लगाया जोर, मशाल लेकर किया मार्चपास्ट, ग्रुप डांस ने किया सभी को आकर्षित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन शकुंतला विद्यालय में किया गया। जहां बच्चों ने विभिन्न आयु वर्गो में अलग-अलग खेलों में बच्चों ने ड्रिल डांस, रिले, रिंग जंप, रास्साकसी में उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर विजेता बने। इस दौरान शाला सदनों की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया और सदन कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई। रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़कर और स्वागत नृत्य के बाद खेल गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संभागीय सहायक क्रीड़ा विभाग दुर्ग कल्पना स्वामी और उपपुलिस अधीक्षक राज्य पुलिस सेवा, दुर्ग रुस्तम सारंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों और शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा द्वारा दीप प्रज्वलन, देव वंदन, खेल मशाल प्रज्ज्वलित और ध्वजारोहण कर की गई। प्राचार्य विपिन कुमार ने स्वागत भाषण व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।




### खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास



दो दिवसीय आयोजन के समापन अवसर पर विजेता विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए शाला प्रबंधन के सर्वांगीण व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने कहा कि संस्था का संकल्प रामनगर क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को श्रेष्ठ संस्थानों के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व विकास प्रदान करना है। समापन अवसर पर खेल मशाल शांत कर ध्वज अवतरण किया गया और राष्ट्रगान के साथ वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर शारदा विद्यालय, रिसाली मैनेजर ममता ओझा, विद्यालय प्रबंधन, अन्य इंचार्ज, शिक्षक-शिक्षिकाओं और अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां



12 और 13 दिसंबर दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के पहले दिन नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्रीड़ा गतिविधियों और ड्रिल डांस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन शनिवार को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने ड्रिल डांस, रिले, रिंग जंप, रास्साकसी सहित अनेक खेलों और समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। वार्षिक खेल दिवस के दोनों दिनों में अभिभावकों का अपने बच्चों के साथ समन्वय दिखाते हुए विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेना कार्यक्रम का एक अत्यंत मनमोहक एवं महत्वपूर्ण आकर्षण रहा।

## सिटी इवेंट

# क्यूसीएफआई ने बनाए दो विश्व रिकॉर्ड, भिलाई चेप्टर ने किया सेलिब्रेट




■ क्वालिटी गुरु डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में बने रिकार्ड

**भिलाई।** क्वालिटी सर्किल फ़ोरम ऑफ इंडिया ने क्वालिटी गुरु डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर एक शानदार उपलब्धि प्राप्त की है। इस सफलता को सेलिब्रेट करने शनिवार को भिलाई चैप्टर ने चैप्टर सचिव जीपी सिंह, क्यूसीएफआई के पीआरओ सत्यवान नायक और कोषाध्यक्ष वी के चौधरी की उपस्थिति में अपने आजीवन सदस्यों, गवर्निंग काउंसिल सदस्यों और एक्जीक्यूटिव वर्किंग कमेटी के सदस्यों के साथ एक आभार बैठक का आयोजन किया। भिलाई चैप्टर के सचिव जी पी सिंह ने इसे ऐतिहासिक सफलता बताते हुए कहा कि यह विश्व रिकॉर्ड क्यूसीएफआई के कार्यपालक निदेशक के गतिशील नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है। उनकी दूरदर्शिता और प्रेरणा ने टीम क्यूसीएफआई को विश्व मंच पर अपनी उत्कृष्टता व क्षमता सिद्ध करने का अवसर दिया है। क्यूसीएफआई के पीआरओ सत्यवान नायक ने भिलाई चैप्टर टीम की ओर से बधाई देते हुए कार्यपालक निदेशक डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व में देश भर में फैले 35 चैप्टरों के कार्यो की सराहना की। क्वालिटी सर्किल फ़ोरम ऑफ इंडिया ने इस वर्ष दो अभूतपूर्व विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है। क्यूसीएफआई, क्वालिटी केंद्रित एक गैर-लाभकारी संस्थान है जिसने सर्वाधिक आजीवन सदस्य संख्या 10,243 सदस्य बनाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है क्यूसीएफआई द्वारा संपूर्ण भारत में सर्वाधिक 405 इकाइयों का 5-एस' प्रमाणिकरण किया गया है जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। क्यूसीएफआई मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन, यूएसए की रिकॉर्ड मैनेजर एलिस रेनॉड द्वारा ईडी(क्यूसीएफआई) डीके श्रीवास्तव तथा क्यूसीएफआई के प्रेसिडेंट अविनाश मिश्रा को औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए ।

● पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे सपत्निक रहे उपस्थित

# राधा रास मिलन और रुक्मिणी विवाह पर झूमे भक्त त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भिलाई।** रिसाली के वीआईपी नगर शिव मंदिर के पास आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान शनिवार को कथा वाचक पंडित भूपत नारायण शुक्ल अमोरा बेमेतरा वाले ने राधा रासमिलन व रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। श्रीमद्भागवत में राधा व रुकमणि प्रसंग प्रेम व आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है। राधा-कृष्ण रास का श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया। इस दौरान रुक्मिणी विवाह की सजीव झांकी सजाई गई। राधा-कृष्ण ने रास लीला व रुकमणि विवाह के दौरान भक्त थिरक उठे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे।

कथा वाचक पंडित भूपत नारायण शुक्ल ने बताया कि श्रीमद्भागवत में राधा का नाम सीधे तौर पर नहीं आता, लेकिन प्रत्येक शब्द राधा से ही ओत-प्रोत माना जाता है। भागवत भक्ति का ग्रंथ है और राधा उस भक्ति का मूल हैं। भागवत कथा में राधा-कृष्ण का रास-मिलन, दिव्य प्रेम और आध्यात्मिक मिलन का प्रतीक है, जहां कृष्ण अपनी प्रिय राधा और गोपियों के साथ रासलीला करते हैं, जो भक्तों को आनंद और प्रेम का अनुभव कराता है; यह मिलन संकेत नामक स्थान पर शुरू हुआ माना जाता है और भागवत में अप्रत्यक्ष रूप से वर्णित है, लेकिन सभी लीलाएं राधा से ही ओत-प्रोत हैं, जो भक्ति का चरम रूप दर्शाती हैं।




### इसलिए राधा की बजाए रुक्मिणी से हुआ विवाह

पंडित शुक्ल ने बताया कि भगवान कृष्ण के साथ राधा का नाम लिया जाता है लेकिन भगवान ने राधा के बजाय रुक्मिणी से विवाह क्यों किया। भागवत का यह प्रसंग भी भक्ति व प्रेम को दर्शाता है। राधा के बजाय रुक्मिणी से विवाह करने का कृष्ण का निर्णय ईश्वरीय इच्छा से प्रेरित था। जहां राधा का प्रेम भक्ति के सर्वोच्च रूप का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं रुक्मिणी का प्रेम मानवीय भावनाओं और आध्यात्मिक भक्ति के बीच संतुलन का प्रतीक है।



### देशभर के साधु संतों को हो रहा आगमन

त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान देश के अलग अलग राज्यों से साधु संतों व महंतों का आगमन हो रहा है। आयोजक विष्णु पाठक के निमंत्रण पर रोजाना कथा स्थल पर छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश आदि जगहों से संत महंत पहुंच रहे हैं। कथा स्थल पर आने वाले भक्तों को इन साधू संतों के आर्शीवचन मिल रहा है। रोजाना भागवत कथा सुनने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस आयोजन से आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया है।

### रुक्मणि विवाह के प्रसंग में जमकर झूमे भक्त

कथा वाचक पंडित शुक्ला ने जैसे ही रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया वहां उपस्थित भक्त झूमने लगे। यह श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित एक प्रमुख कथा है। यह प्रसंग प्रेम, निष्ठा और भगवान की लीला का प्रतीक है, जहां रुक्मिणी ने अपनी सखी के माध्यम से कृष्ण को पत्र भेजकर अपनी मनोदशा बताई और कृष्ण ने उनकी पुकार सुनकर उन्हें विवाह के लिए स्वीकार किया। भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी के विवाह का वर्णन है, जिसमें रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह तय कर दिया था। भाई रुक्मी द्वारा तय शिशुपाल से विवाह के विरोध में श्रीकृष्ण से उन्हें हरण करने का संदेश भेजा, जिसके बाद कृष्ण ने शिशुपाल व रुक्मी को हराकर रुक्मिणी का हरण कर उनसे विवाह किया।

## धर्म लाइव

# विधायक ने 31 छात्राओं को वितरित की साइकिल




■ शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं देती बल्कि सही सोच व सही दिशा भी देती है- विधायक

**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मरोदा व ग्राम कोड़ियां में छात्र-छात्राओं को विधायक ललित चन्द्राकर ने साइकिल वितरित की। विधायक ललित चंद्राकर ने कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 31 छात्रों को सायकल प्रदान की। इसमें शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मरोदा से 25 व शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड़िया की 6 छात्राएं शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा शिक्षा सिर्फ नौकरी नहीं देती बल्कि सही सोच व सही दिशा भी देती है। शिक्षा के माध्यम से जीवन में अपने हर मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि पढ़ाई में सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाली उन सभी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है, जो अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग की बालिकाएं होती है। इसके साथ साथ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्राओं को भी इस योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है । इस योजना का उद्देश्य है कि बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु समिपस्थ हाई स्कूल आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो । विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था। आज सभी जगह चरितार्थ हो रही है। सभी जगह बेटियां अपने परचम लहरा रही है। गरीब बेटियों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए अब 30000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष अनिल राय, पार्षद गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, विद्यालय की प्राचार्य सुषमा नेमा आदि उपस्थित थे।

## चेम्बर का आयोजन

# गौरव दिवस पर 19 को उद्यमिता पर कार्यशाला, महिलाएं भी लेंगी भाग



भिलाई । भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा 19 दिसंबर को चेम्बर गौरव दिवस का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने चेम्बर कार्यालय में बैठक की गई। इसमें चेम्बर के सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि चेम्बर गौरव दिवस का आयोजन चार सत्रों में होगा, जिसमें व्यापार, उद्योग, युवा, महिला उद्यमिता और नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और प्रस्तुतियां होंगी। चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा और चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने बताया कि कार्यक्रम में उद्यमियों-व्यापारियों, महिलाओं एवं युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। युवाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ते हुए कार्यक्रम के दौरान विशेष सत्र का आयोजन होगा, जिसमें वे सवालजवाब कर सकेंगे। इस सत्र को चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के अन्य सत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ने के साथ ही सफल महिला उद्यमियों का सम्मान किया जाएगा। उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने बताया कि तीसरे सत्र में उद्यमियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें उद्योगों और एमएमएमई से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र नेमा, सीए राजेश, विकास जायसवाल और कुल्दीप लालवानी ने बताया कि तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस अवसर पर युवा उद्यमियों और उद्योग जगत के उल्लेखनीय व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन,अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा,उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जे पी गुप्ता, महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे, विकास जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## भूमिपूजन में शामिल हुए इंद्रजीत

# शिवपुरी स्टेडियम जामुल में श्रीराम कथा का आयोजन स्थल



**राधाकृष्ण संस्कार मंच व ग्रामवासियों का आयोजन**

**भिलाई।** राधाकृष्ण संस्कार मंच एवं ग्रामवासी सुरडुंग शिवपुरी द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का भूमि पूजन शिवपुरी स्टेडियम जामुल में किया गया।

जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज, श्रीधाम पिठाधिश्वर अयोध्या के श्रीमुख से होने वाले श्रीमद वाल्मीकिय रामायण कथा, श्रीराम कथा के भूमिपूजन अवसर पर एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आयोजन को भव्य और सफल बनाने तथा व्यवस्थाओं के विचार विमर्श करते हुए नगरवासियों को इस पवित्र धार्मिक कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में अयोध्या से पधारे आचार्यगण, आयोजन समिति के पदाधिकारीगण एवं सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी मलकीत सिंह, श्रीजोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव, इंद्रजीत सिंह चिंटू, वाजिद अंसारी, रमन सारथी, गुरप्रीत सिंह, पंकज शर्मा व सोम सिंह आदि उपस्थित थे।

# अग्रवाल युवाओं का धमाल क्रिकेट स्पर्धा सीजन-4 लॉन्च

**भिलाई।** अग्रवाल युथ क्लब द्वारा पंडित दीनदयाल स्टेडियम खुर्सीपार जीई रोड में क्रिकेट प्रतियोगिता के महाकुंभ सीज़न-04 का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरायपाली, दुर्ग और भिलाई की कुल 14 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के मैच दिन और रात में खेले जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 61,000, द्वितीय पुरस्कार 31,000, तृतीय पुरस्कार 21,000 रुपए निर्धारित किए गए है। प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन और मैन ऑफ द सीरीज़ के लिए आकर्षक ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए जांएगे। बच्चों के लिए भी अलग से जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिससे छोटे बच्चे भी अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन कर सके। अग्रवाल युथ क्लब भिलाई के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और सचिव मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता लीग पैटर्न में होगी। जिसमें हर टीम को दो-दो मैच खेलने का अवसर मिलेगा। दर्शकों के लिए भी पूरे आयोजन में आकर्षक गिफ्ट की व्यवस्था की गई है। लकी ड्रॉ के माध्यम से दर्शकों को गिफ्ट जीतने का अवसर मिलेगा। मैचों का संचालन अंतर्राष्ट्रीय अम्पायरों द्वारा किया जाएगा।

## सेवा समर्पण समिति ने शुरू की तैयारी, 25 से 29 दिसंबर के मध्य पं. धीरेंद्र शास्त्री सुनाएंगे कथा

# हनुमंत कथा में हर दिन भक्तों को मिलेगा निशुल्क भोजन, ठहरने के लिए भी किए गए इंतजाम

**कार्नर न्यूज**

**दरबार में श्रद्धालुओं की निकाली जाएगी पर्चियां**

**दुर्ग ।** देश में सनातन के ध्वजवाहक व बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का इस्पात नगरी भिलाई में प्रथम बार आगमन होगा। वे जयंती स्टेडियम के समीप ग्राउंड में 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित दिव्य हनुमंत कथा में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करवाएंगे। कथा के लिए प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। पंडित शास्त्री जी 27 दिसंबर को विशेष दिव्य दरबार लगाएंगे। दरबार में वे श्रद्धालुओं की पर्ची निकालेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उनका मार्गदर्शन करेंगे। किसी भी शुभ कार्य के प्रारंभ के पूर्व ध्वजपूजन किया जाता है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए दिव्य श्री हनुमंत कथा आयोजन स्थल पर 15 दिसंबर, सोमवार को शुभ मुहूर्त पर दोपहर 2 बजे ध्वजपूजन किया जाएगा। ध्वज पूजन उपरांत प्रतिदिन यहां सामुहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। सेवा समर्पण समिति दुर्ग द्वारा आयोजित दिव्य हनुमंत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। दिव्य श्री हनुमंत कथा में दुर्ग-भिलाई के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की जुटने की संभावना है। जिसके चलते आयोजन समिति द्वारा जयंती स्टेडियम के समीप ग्राउंड में श्रद्धालुओं के लिए बैठक के अलावा वाहन पार्किंग, बिजली, निःशुल्क भोजन, पेयजल, शौचालय व अन्य व्यवस्था किए जा रहे है। पूरे कथा आयोजन के दौरान व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा। यह बातें स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शनिवार को सर्किट हॉऊस दुर्ग में मीडिया से चर्चा में कही।



**पं. धीरेंद्र शास्त्री का पहली बार हो रहा भिलाई आगमन :** इस दौरान कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष और सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय, जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक सांवलाराम डहरे, सेवा समर्पण समिति अध्यक्ष पं. वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ला, जिला भाजपा महामंत्री विनोद अरोरा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केएस चौहान, आयोजन समिति सदस्य दिनेश देवांगन, मनोज मिश्रा, राजा महोबिया, तेखन सिन्हा के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे। चर्चा में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दिव्यश्री हनुमंत कथा के आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हम सब का सौभाग्य है।

**1100 से ज्यादा वालेंटियर हर समय मौजूद रहेंगे कार्यक्रम स्थल में :** कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष और सेवा समर्पण समिति के संयोजक राकेश पाण्डेय ने बताया कि सेवा समर्पण समिति पिछले 8 वर्षों से समाजसेवी व धार्मिक कार्यों में अग्रणी है। दिव्य श्री हनुमंत कथा का आयोजन समिति के लिए बड़ा अवसर है। जिसकी तैयारी में करीब 1100 वॉलिंटियर्स जुटे हुए है। श्री पांडेय ने बताया कि कथा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था होगी। यह भोजन व्यवस्था करीब 10,000 श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन रहेगी। वहीं कथास्थल के पास व्यवसाईयों को स्टाल भी आवंटित किए जाएंगे।

### सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने होने जा रहा साधु-संतों का समागम

श्रद्धालुओं के बैठने के लिए भव्य डोमशेड निर्माण कराए जा रहे हैं। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक साथ बैठकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ ले सकेंगे। इसके अलावा वाहन पार्किंग, निःशुल्क भोजन, पेयजल, शौचालय के लिए सुव्यवस्थित व पर्याप्त व्यवस्था किए जा रहे हैं। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े, इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की है। इस दृष्टि से जिला प्रशासन हर स्तर पर श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध करवाएगी। ट्रैफिक से लेकर साफ-सफाई,बिजली, चिकित्सा, पेयजल जैसी तमाम सुविधाओं को प्राथमिकता में रखा गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि साधु-संत सनातन को लेकर जागृति फैला रहे है। यह आयोजन भौतिकता के साथ अध्यात्म और राष्ट्र के प्रति समर्पण व मान-सम्मान की भावना का भाव जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

# हरिभूमि भिलाई

पाठकों के विश्वास के 24 वर्ष





हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY

# हरिभूमि

## भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

**श्रीमती नेहा साहू**
पार्षद-वार्ड 21 कैलाश नगर कुरूद
एम.आई.सी. सदस्य, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी
नगर पालिका निगम भिलाई

---

हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

आयुष्मान कार्ड द्वारा ईलाज की सुविधा उपलब्ध



**Dr. Manish Singh**
Managing Director
राजवंशी मेमोरियल हॉस्पिटल
गली नं. 2 गंजपारा, दुर्ग (छ.ग.)

**शिवाय मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल**
उजाला भवन के सामने, स्टेशन रोड, संतरा बाडी, दुर्ग छ.ग., फोन नं. 0788-3511179

---

हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

HIMANSHU SHIVA



**HIMANSHU BEVERAGE**
PACKAGED DRINKING WATER
**विजय अग्रवाल**
अध्यक्ष
पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसियेशन दुर्ग-भिलाई
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com

---

हरिभूमि भिलाई संस्करण की 24वीं स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**महिमा हॉस्पिटल**
कादम्बरी नगर, दुर्ग (छ.ग.)
मेडिकल एवं सर्जिकल चिकित्सा सुविधा

---

हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

PRINCIPAL & STAFF
**KHALSA PUBLIC SCHOOL & KHALSA COLLEGE**
MANAGEMENT COMMITEE & KHALSA EDUCATION SOCIETY
ADDRESS : OPPOSITE R.T.O. OFFICE, DURG
Mob. : 9826393397, 7000791700

---

**SATYADEEP™ DIAGNOSTICS & CLINIC**
पता:- शॉप नं.1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई 9179389854
सोनोग्राफी, एक्स-रे, पैथोलॉजी, इ.सी.जी.



बी.पी.एल./स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्डधारी कैंसर के मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों को हर जाँच पर 40% की भारी छूट

महिलाओं की सोनोग्राफी महिला डाक्टर के द्वारा की जाती है

- सोनोग्राफी
- पैथोलॉजी
- ई.सी.जी.
- ओ.पी.डी.
- डिजिटल एक्स-रे
- 3डी-4डी सोनोग्राफी
- खून-पेशाब जाँच केन्द्र
- कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब

हरिभूमि भिलाई संस्करण की 24वीं स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ. सौरभ साव**
मेडिकल डायरेक्टर एवं संकलटेंट
समय : प्रतिदिन सुबह 9:00 से रात 9:00 बजे तक

**सत्यदीप डायग्नोस्टिक एवं क्लीनिक**
पता: शॉप नं. 1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई

---

**एस.एस. हॉस्पिटल**

ऑपरेशन की सुविधाऐ...

- 24 घंटे आपत कालीन सेवा उपलब्ध।
- नार्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी की विशेष सुविधा।
- बच्चादानी में छाला एवं सूजन या गठान का भी ऑपरेशन लेप्रोस्कोपी द्वारा भी किया जाता है।
- एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, जोड़ एवं रीढ़ से संबंधित सभी तरह का ऑपरेशन सुविधा।



**Dr. R.P. Gupta**
General Surgeon

पाईल्स, फिशर फिस्चुला का ऑपरेशन लेजर पद्धति से किया जाता है।



छावनी चौक के पास, नंदिनी रोड, भिलाई (छ.ग.)
फोन : 0788-4031253, मोबाईल : 98271-63238